सत्यमेव जयते

# प्रधान मंत्री
## Prime Minister

नई दिल्ली

आश्विन 09, शक संवत् 1946

01 अक्टूबर, 2024

**मेरे प्रिय ग्रामीण साथियों,**

नमस्कार। आशा करता हूं कि आप सभी सकुशल होंगे।

देश आज 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह मंत्र हमें एकजुट होकर, हर एक व्यक्ति की भागीदारी से देश को विकास के नए आयाम पर ले जाने के लिए निरंतर प्रेरित करता है।

वेदों में कहा गया है - 'विश्वं पुष्टं ग्रामे अस्मिन् अनातुरम्' - अर्थात् जिस तरह विश्व अपने आप में परिपूर्ण है, गांव भी उतने ही समर्थ, सक्षम और संपन्न बनें।

देश की सशक्त और आत्मनिर्भर ग्राम पंचायतें विकसित भारत की नींव हैं। हमारे गांवों को, हमारी ग्राम पंचायतों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जन योजना अभियान - 'सबकी योजना, सबका विकास' एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गांव के विकास में वहां के स्थानीय लोग, सक्रिय रूप से भाग लें ताकि योजनाएं पंचायत के स्तर से आगे बढ़कर, लोगों की योजनाएं बनें।

'आत्मा गांवों की और सुविधाएं शहर की' इस विचार के साथ बीते वर्षों में देश भर के ग्राम पंचायतों में बिजली, पानी, सड़कें, पक्के मकान, विद्यालय, अस्पताल, ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी आदि की व्यवस्था की जा रही है। केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं को इस अभियान में शामिल करते हुए देश महात्मा गांधी जी की ग्राम स्वराज की दृष्टि और अवधारणा को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुझे खुशी है कि पंचायती राज मंत्रालय, राज्यों के साथ मिलकर गांवों में सतत् विकास के लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में निरंतर आगे कदम बढ़ा रहा है।

ग्राम पंचायत विकास योजना की तैयारी में हर हितधारक का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए, मेरा आप सभी से आग्रह है कि आप इस अभियान में पूरे उत्साह और सक्रियता के साथ भाग लें। आप सबकी सक्रिय सहभागिता से इस अभियान का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण होगा। हम सभी के सामूहिक प्रयासों से विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति निश्चित है।

आप सभी की सुख - समृद्धि की कामना के साथ।

आपका,

नरेन्द्र मोदी

**(नरेन्द्र मोदी)**